**(ii) त्रिपक्षीय अनुबंध गठन/कवर एग्रीमेन्ट का निष्पादन :-**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद बागपत हेतु नामित संस्था मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे.वी. 409 इस्कॉन ऐलिमेन्टस, निकट जैन मन्दिर, प्रहलाद नगर, कॉरिंग रोड, एस.जी. हाइवे, अहमदाबाद द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन स्तर से अद्यतन स्वीकृत 174 पेयजल योजनाओं के सापेक्ष कुल 174 त्रिपक्षीय अनुबंध गठन किये जा चुके है।

**(iii) कवर अनुबंध के सापेक्ष पेयजल योजनाओं की कार्य स्थल पर निर्माण की स्थिति :-**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बागपत/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 174 पेयजल योजनाओं का निर्माण कराया जाना है, जिनमें 98964 नग गृह संयोजन तथा 1272 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछायी जानी प्रस्तावित है। वर्तमान तक 98964 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 96054 नग गृह संयोजन पूर्ण करा दिये गये है तथा 1272 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 1203 कि0मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद बागपत में 174 नग पेयजल योजनाये प्रस्तावित है, जिनमें से 4 नग पेयजल योजनाओं पर भूमि विवाद है तथा शेष 170 नग पेयजल योजनाओं के समस्त घटको पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। अवर जलाशय, पाइप लाइन, गृह संयोजन, सडक पुर्नस्थापना के कार्यो में अवर जलाशय निर्माण कार्यो के सम्बंध में अवगत कराना है कि कुल 170 नग पेयजल योजनाओं में 91 नग (66 नग नये एवं 25 नग पुर्नगठन) पेयजल योजनाओं में अवर जलाशयो के कार्य पूर्ण है तथा शेष 79 नग पेयजल योजनाओं में अवर जलाशय 12 टॉप डॉम, 18 बॉटम डॉम, 34 स्टेजिंग, 5 राफ्ट, 5 पी0सी0 एवं 5 एक्सीवेशन लेवल पर हैं। इन 79 नग पेयजल योजनाओं के अवर जलाशयों में लगी हुई टीमो द्वारा बीच-बीच में निर्माण कार्य रोक दिया जाता है जिस कारण से अवर जलाशयो के निर्माण कार्यो की प्रगति धीमी है।

इसी प्रकार 191 नग ग्रामों में 101 नग ग्रामों में शत-प्रतिशत सडक पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण है जिसका सत्यापन अधिशासी अभियन्ता एवं टी0पी0आई0 स्तर से कर लिया गया है। 16 नग ग्रामों में सडक पुर्नस्थापना का 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण है जिसको एक सप्ताह में पूर्ण करने हेतु फर्म द्वारा आश्वासन दिया गया तथा 74 नग ग्रामों में से 30 नग ग्रामों में टीम सडक पुर्नस्थापना का कार्य कर रही है जोकि निरन्तर न करते हुये बीच बीच में अन्य योजनाओं पर चली जाती हैं। शेष 44 नग ग्रामों में सडक पुर्नस्थापना हेतु कोई टीम उपलब्ध नही है जिस कारण से 74 नग ग्रामों में वर्तमान में लगभग 56 कि0मी0 सडक पुर्नस्थापना का कार्य अवशेष हैं।

बैठक में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि 108 नग पेयजल योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है जिनमे से 68 नग पेयजल योजनाओं में उच्च जलाशय के माध्यम से एवं शेष 40 नग पेयजल योजनाओं में डीजल जनरेटर/सोलर के माध्यम से नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है, परन्तु अधिकांश योजनाओं में लीकेज होने के उपरान्त उन्हे समय से ठीक नही कराया जा रहा है जिसका कारण, फर्म द्वारा लीकेज ठीक करने हेतु विकास खण्डवार विशेष टीमे नही लगाया जाना है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि लीकेज ठीक करने हेतु विकासखण्डवार टीमे बनाकर शीघ्रातिशीघ्र लीकेज ठीक करायी जाये तथा गठित टीम की सूची भी प्रेषित की जाये। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा उनकी ओर से प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को पत्र प्रेषित करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बागपत को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल शुल्क वसूली के सम्बंध में जानकारी चाही गयी जिसके सम्बंध में आई0एस0ए0 मै0 ग्रामीण विकास ट्रस्ट के प्रतिनिधि श्री मोनू राणा द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी संस्था द्वारा

